वार्षिक रिपोर्ट
2002-03



भारतीय सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क

विषय सूची

1.	शासकीय परिषद	01
2.	आम सभा	02
3.	एस.टी.पी.आई. - एक अवलोकन	03
4.	एस.टी.पी.आई की प्रबन्धकीय संरचना	04
5.	एस.टी.पी. योजना और मुख्य अंश	05
6.	एस.टी.पी.आई. पंजीकृत इकाइयों का प्रदर्शन	06
	एस.टी.पी. इकाइयाँ	06
	निर्यात	07
7.	उच्च गति डाटा कम्यूनिकेशन सेवायें	09
	सॉफ्ट प्वाईन्ट	09
	सॉफ्ट लिंक	09
	अन्तर्राष्ट्रीय फाइबर क्षमता	09
	एक्सेस नेटवर्क/लास्ट माइल कनेक्टिविटी (लोकल लूप)	10
	आई.एस.डी.एन लाइनों के प्रयोग से लीज्ड इन्टरनेट एक्सेस	10
	अन्य मूल्य संवर्धित सेवायें	10
	सहयोग सुविधायें	10
8.	आपदा क्षतिपूर्ति सेवायें	11
9.	एस.टी.पी.आई के नये केन्द्र	11
10.	कन्सल्टेन्सी परियोजनायें	12
	खजाने नेट	12
	यूरोपस्टार	12
	पैनामसैट	12
	आईपीस्टार	13
11.	विपणन एवं व्यावसाय वृद्धि	14
	बंगलोर आई.टी. कॉम 2002	14
	राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस, लखनऊ	14
	कन्वर्जेन्स इण्डिया, नई दिल्ली	14
	सुपरकॉम एशिया, नई दिल्ली	14
	टाई अप कॉलिंग 2002, कानपुर	14
12.	एस.टी.पी.आई. की अन्तर्राष्ट्रीय परियोजना	15
13.	लेखा विवरण	16

शासकीय परिषद*

चेयरमैन

श्री अरुण शौरी, केन्द्रीय विनिवेश एवं संचार तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

वाइस चेयरमैन

श्री के. के. जायसवाल, सचिव, सूचना तकनीकी विभाग, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय।

सदस्यगण

श्री एस. लक्ष्मीनारायणन, अपर सचिव, सूचना प्रौद्यगिकी विभाग, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय।

श्री निरंजन पंत, संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय।

श्री पंकज अग्रवाल, संयुक्त सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय।

श्री पी.के. मित्तल, उप महानिदेशक (बी एस), दूर संचार विभाग, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय।

श्री एम.वी.पी.सी. शास्त्री, संयुक्त सचिव, वाणिज्य मंत्रालय।

श्री कमलेश डेका, निदेशक, कोऑर्डिनेशन पुलिस वायरलेस निदेशालय, गृह मंत्रालय।

श्री बी.वी. वान्चू, संयुक्त निदेशक, इन्टेलिजेन्स ब्यूरो, गृह मंत्रालय।

श्री नलिन कोहली, वाइस चेयरमैन, इलेक्ट्रानिक एंव कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउन्सिल (इ.एस.सी.)।

श्री किरण कार्णिक, प्रेसीडेन्ट, नेशनल एसोशिएसन ऑफ सॉफ्टवेयर एण्ड सर्विस कम्पनीज (नैस्कॉम)।

श्री पुरोषोत्तम भागेरिया, निदेशक, फिलाटेक्स इण्डिया लिमिटेड, नई दिल्ली।

श्री अर्जुन डी. राव, सी ई ओ, एप्पलैब्स (इण्डिया), हैदराबाद।

सदस्य सचिव

श्री एस.एन. जिन्दल, महानिदेशक, सॉफ्टवेयर टैक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इण्डिया।

* 31 अक्टूबर 2003 के अनुसार

आम सभा*

चेयरमैन

श्री अरुण शौरी, केन्द्रीय विनिवेश और संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री।

वाइस चेयरमैन

श्री के. के. जायसवाल, सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय।

सदस्यगण

श्री एस. लक्ष्मीनारायणन, अपर सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय।

श्री निरंजन पंत, संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय।

श्री पंकज अग्रवाल, संयुक्त सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय।

श्री ए.के. प्रसाद, निदेशक (कस्टम), केन्द्रीय आबकारी एवं सीमाशुल्क बोर्ड, राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय।

श्री एम.वी.पी.सी. शास्त्री, संयुक्त सचिव, वाणिज्य मंत्रालय।

श्री कमलेश डेका, निदेशक, कोऑर्डिनेशन पुलिस वायरलेस निदेशालय, गृह मंत्रालय।

श्री बी.वी. वान्चू, संयुक्त सचिव, इन्टेलिजेन्स ब्यूरो, गृह मंत्रालय।

सदस्य सचिव

श्री एस.एन. जिन्दल, महानिदेशक, सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इण्डिया।

*31 अक्टूबर 2003 के अनुसार

एस.टी.पी.आई. - एक अवलोकन

प्रत्येक कार्य क्षेत्र में कम्प्यूटर के समावेश ने सूचना प्रौद्योगिकी को पूरे विश्व में उन्नति और उत्पादकता का पर्याय बना दिया है, और भारत भी इसका अपवाद नहीं है। एक उद्योग के रूप में सूचना प्रौद्योगिकी आज विश्व का सबसे बड़ा, तीव्र गति से बढ़ता हुआ और सर्वाधिक लाभार्जन वाला उद्योग है। इसने पूरे विश्व के कार्य वातावरण और व्यवसायिक ढांचे में क्रान्तिकारी परिवर्तन लाकर अपने लिए एक खास स्थान बना लिया है। आज सूचना प्रौद्योगिकी में निवेश करना किसी दूसरे क्षेत्र में निवेश करने से बेहतर है क्योंकि यहाँ पैसे जुड़ते नहीं, कई गुणा होते हैं। सूचना प्रौद्योगिकी आज मानव जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। विश्व का कोई भी देश इसके बिना आगे नहीं बढ़ सकता है। इसे देखते हुए भारत सरकार ने 1986 में एक नीति बनाई जिसके अन्तर्गत् ''सॉफ्टवेयर निर्यात, सॉफ्टवेयर विकास एवं प्रशिक्षण'' को प्रोत्साहित कर इसे एक महत्वपूर्ण क्षेत्र का दर्जा दिया। तत्पश्चात् सॉफ्टवेयर उद्योग को और बेहतर बनाने के लिए गठित हुआ - ''सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क'' जिसमें साफ्टवेयर के निर्यात पर विशेष ध्यान दिया गया। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए एक विशेष कार्य प्रणाली की संरचना की गयी जिसमें निम्नलिखित बातों पर बल दिया गया :-

- कार्य करने के तरीकों का सरलीकरण/ तर्क संगत बनाना।
- उद्योग को एक ही स्थान पर समस्त सेवायें उपलब्ध कराना।
- निर्यात के लिए आवश्यक बुनियादी वस्तुओं को प्रौद्योगिकी उपलब्ध कराना ।
- स्वनिर्मित आधारभूत सुविधाएँ जैसे कि अभिकल्पन संसाधन और आंकड़ा सुविधाओं की सस्ती दर पर साझेदारी।

इसका ढांचा सॉफ्टवेयर निर्यात उद्योग और खासकर स्मॉल एण्ड मीडियम एन्टरप्राइजेज (एस.एम.आई.) को ध्यान में रखकर तैयार किया गया था ताकि यह देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ ही विश्व बाज़ार में भारत की सफलता के परचम लहराएँ। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स की स्थापना कई मॉड डाटा कम्यूनिकेशन (एच.एस.डी.सी.) सहित आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराकर सॉफ्टवेयर निर्यात में वृद्धि हेतु एस.टी.पी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए हुई।

सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स की स्थापना और पंजीकरण 6 जून 1991 को भारत सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अन्तर्गत् सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1860 के तहत् एक स्वतंत्र सोसायटी के रूप में हुआ। इसने डाटा कम्यूनिकेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर सुविधा और अन्य सेवाओं जैसे प्रौद्योगिकी आकलन और सॉफ्टवेयर निर्यातकों के व्यावसायिक प्रशिक्षण की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली।

एस.टी.पी.आई की प्रबन्धकीय संरचना

गवर्निंग काउंसिल

गवर्निंग काउंसिल (जी सी) एस.टी.पी.आई. की सर्वोपरि प्रबन्धकीय संस्था है जो एस.टी.पी.आई. की कार्य प्रणाली पर पैनी नज़र रखते हुए उसे दिशा निर्देश देती है। गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन भारत सरकार के संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री होते हैं। वाइस चेयरमैन का पद भारत सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव के पास होता है। गवर्निंग काउंसिल के अन्य सदस्य वित्त मंत्रालय, गृह मंत्रालय, दूर संचार विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, वाणिज्य मंत्रलय और सूचना तकनीक उद्योग से जुड़े हुए लोग हैं।

महानिदेशक

महानिदेशक प्रबन्धन और गवर्निंग काउंसिल के दिशा निर्देशों के अनुसार एस.टी.पी.आई. के प्रबंध और संचालन के लिए उत्तरदायी है। इसके लिए उनके पास आवश्यक अधिकार और शक्ति होती है।

निदेशकों की अधिशासी कमेटी (ई.सी.ओ.डी)

निदेशकों की अधिशासी कमेटी में चुने हुए केन्द्रों के एस.टी.पी.आई. निदेशक होते हैं। गवर्निंग काउंसिल ने ई.सी.ओ.डी को साझा मुद्दों, कार्य प्रणाली, योजनाओं और कार्य प्रदर्शन समीक्षा से जुड़े विषयों पर विशेष अधिकार दिए हैं।

स्थानीय कार्यकारी बोर्ड

एस.टी.पी.आई. केन्द्रों के प्रबन्धन के लिए स्थानीय स्तर पर कमेटियों का गठन किया गया है जिन्हें हम ''स्थानीय कार्यकरी बोर्ड'' के नाम से जानते हैं। ये स्थानीय स्तर पर प्रबन्धन देखते हैं और गवर्निंग काउंसिल के द्वारा दिए गए अधिकारों के दायरे में काम करते हैं।

निदेशक

एस.टी.पी.आई. केन्द्र का मुखिया निदेशक होता है जो कि तकनीकी और प्रबन्धन दोनो पक्षों का मुखिया होता है। निदेशक प्रतिदिन के कार्यों और केन्द्र के प्रबन्धन के लिए जिम्मेदार होता है।

एस.टी.पी. योजना और मुख्य अंश

एस.टी.पी. योजना विशेषरूप से कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के विकास और निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए तैयार की गयी है जो कि पूर्णतया एक गुणवत्ता आधारित निर्यातोन्मुखी योजना है। इसमें संचार कड़ियों और मीडिया के प्रयोग द्वारा व्यावसायिक सेवाओं के निर्यात को भी बढ़ावा दिया जायेगा। यह योजना कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर पर केन्द्रित है और सरकार की 100% निर्यातोन्मुखी इकाइयों, निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्रों और विज्ञान पार्क/ प्रौद्योगिकी पार्क की अभिकल्पना को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर प्रदान करती है।

"एस.टी.पी. योजना एक अनोखी योजना है जो सदस्य केन्द्रों को एक ही स्थान पर सभी सेवायें मुहैया कराती है, उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय स्तर और वैश्विक मानकों के अनुसार निर्यात व्यवसाय में सक्षम बनाती है।"

एस.टी.पी. योजना के मुख्य अंश

- एक ही स्थान पर निपटान आधार पर अनुमोदन।
- 100% तक विदेशी अंशधारिता की अनुमति।
- एस.टी.पी. इकाइयों द्वारा आयतित/ घरेलू बाज़ार से प्राप्त सामान पूर्णतया शुल्क मुक्त।
- प्रयोग किया हुआ प्रमुख सामान भी आयात किया जा सकता है।
- घरेलू बाज़ार में निर्यात किए गए सामान का 50% तक तक बेचने की अनुमति।
- आयकर अधिनियम की धारा 10 ए/10बी के अन्तर्गत् आयकर लाभ।

एस.टी.पी.आई पंजीकृत इकाइयों का प्रदर्शन

एस.टी.पी. इकाइयाँ

एस.टी.पी.आई योजना के अन्तर्गत् वर्ष 2002-03 के दौरान 554 नई इकाइयों का पंजीकरण किया गया। 31 मार्च 2003 को लगभग 4644 इकाइयाँ प्रचालन में थीं, जिनमें से 3544 इकाइयाँ वास्तव में निर्यात कर रही थीं। शेष इकाइयाँ अवस्थापन के विभिन्न चरणों में हैं। प्रचालन और निर्यात करने वाली इकाइयों की संख्या में विगत् 3 वर्षों में वृद्धि इस प्रकार है :-



एस.टी.पी.आई

पंजीकृत इकाइयों का प्रदर्शन

निर्यात

एस.टी.पी.आई. इकाइयों के माध्यम से सॉफ्टवेयर निर्यात गत् वर्ष के रु. 29,523 करोड़ से 26% बढ़कर 2002-03 में रु. 37,176 करोड़ हो गया है। राष्ट्रीय परिदृश्य में, एस.टी.पी.आई इकाइयाँ 80% निर्यात के लिए उत्तरदायी हैं; अर्थात् रु. 46,100 करोड़ के राष्ट्रीय आंकड़े के मुकाबले एस.टी.पी.आई इकाइयों का सहयोग रु. 36,176 करोड़ है।

विगत् तीन वर्षों में एस.टी.पी.आई के माध्यम से पंजीकृत इकाइयों द्वारा राज्यवार सॉफ्टवेयर निर्यात इस प्रकार है :-

(रु. करोड़ में)

क्र.सं.	राज्य का नाम	2000-01	2001-02	2002-03
1	कर्नाटक	7475	9904	12350
2	तमिलनाडु	2954	5014	6305
3	महाराष्ट्र	2570	4603	5508
4	आन्ध्र प्रदेश	2017	2805	3668
5	हरियाणा	1450	2140	2734
6	उत्तर प्रदेश	1660	2000	2541
7	दिल्ली	1100	1750	2065
8	पश्चिम बंगाल	250	604	1200
9	उड़ीसा	200	213	260
10	केरल	141	159	165
11	मध्य प्रदेश	50	88	107
12	गुजरात	102	122	105
13	पंजाब	50	70	70
14	राजस्थान	30	45	47
15	चंडीगढ़	-	-	31
16	पाण्डिचेरी	2	6	15
17	हिमाचल प्रदेश	-	-	3
18	उत्तरांचल	-	-	0.5
19	जम्मू एवं कश्मीर	-	-	0.4
	कुल	20,051	29,523	37,176

एस.टी.पी.आई

पंजीकृत इकाइयों का प्रदर्शन

पंजीकृत इकाइयों द्वारा एस.टी.पी.आई केन्द्रवार निर्यात इस प्रकार है :-

एस.टी.पी.आई. पंजीकृत इकाइयों द्वारा निर्यात (रु. करोड़ में)

एस.टी.पी.आई केन्द्र	2000-01	2001-02	2002-03
बंगलौर	7475	9904	12350
भुवनेश्वर	200	213	260
कोलकाता	250	604	1200
चेन्नई	2956	5020	6320
गाँधीनगर	102	122	105
हैदराबाद	1990	2805	3668
नई मुम्बई	1610	2603	2708
नोएडा	4420	6093	7600
पुणे	960	2000	2800
तिरूअनंतपुरम	88	159	165
कुल	**20051**	**29523**	**37176**

उच्च गति डाटा कम्यूनिकेशन सेवायें

एस.टी.पी.आई की सॉफ्टवेयर निर्यात क्षेत्र को एक महत्वपूर्ण देन है हाई स्पीड डाटा कम्यूनिकेशन (एच.एस.डी.सी) सेवायें। सॉफ्टवेयर निर्यातकों को एस.टी.पी.आई द्वारा विकसित सॉफ्टनेट, अत्याधुनिक एच.एस.डी.सी नेटवर्क अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर उपलब्ध हैं। अपने स्थापना वर्ष 2002-03 से ही सॉफ्टवेयर उद्योग को एच. एस.डी.सी लिंक उपलब्ध कराने के लिए 39 स्थानों पर स्वयं का अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र स्थापित करने पर एस.टी.पी.आई को गर्व है।

लोकल लूप के लिए एस.टी.पी.आई केन्द्रों में अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र की स्थानीय पहुँच प्वाइन्ट-टू-प्वाइन्ट और प्वाइन्ट-टू-मल्टी प्वाइन्ट माइक्रोवेव रेडियो द्वारा प्रदान की जायेगी जो कि अपनी अन्तिम समस्या से उबर गया है और एस.टी.पी.आई को लगभग 99.9% अप टाईम के अवलम्बन में सक्षम बनाता है। जहाँ सम्भव हो जमीनी तारों (फाइबर/कॉपर) का भी प्रयोग किया जा रहा है। यह दूर संचार सुविधायें वाह्य सॉफ्टवेयर क्रिया कलापों में सफलता की प्रतीक हैं।

एस.टी.पी.आई. का कार्य सम्बन्ध विश्व के प्रमुख दूर संचार प्रचालकों से है जैसे एटी. एण्ड टी., एम.सी.आई, स्प्रिंट, इन्टेल सैट, न्यू स्काईज सैटेलाइट, ब्रिटिश टेलेकॉम इत्यादि।

एस.टी.पी.आई इस नेटवर्क द्वारा निम्नलिखित एच.एस.डी.सी. सेवायें प्रदान करता है :-

64 के.बी.पी.एस. से 8 एम.बी.पी.एस. (सॉफ्ट प्वाईन्ट) की बैण्डविड्थ में इन्टरनेशनल प्राईवेट लीज्ड सर्किट्स (आई.पी.एल. सी)।

- भागीदारी आधारित इन्टरनेट सेवायें।
- वेब होस्टिंग सेवायें।
- अन्य मूल्य संवर्धित सेवायें।

सॉफ्ट प्वाईन्ट

सॉफ्ट प्वाईन्ट सेवा "इन्टरनेशनल प्राईवेट लीज्ड सर्किट" का प्रावधान है। आई.पी.सी.एल. अन्तर्राष्ट्रीय दूर संचार के लिए उपलब्ध डिजिटल सर्किट हैं जो डाटा संप्रेषण संचार इत्यादि के लिए प्रयोग होते हैं। उपभोक्ताओं के लिए खास और सुरक्षित आई.पी. सी.एल उन कम्पनियों के लिए आदर्श हैं जो बड़ी मात्र में अन्तर्राष्ट्रीय डाटा सम्प्रेषित करते हैं। यह आपके व्यावसयिक साझेदारों को कार्य कुशल विश्वसनीय और सुरक्षित प्वाईन्ट-टू-प्वाईन्ट कनेक्शन दुनिया के किसी भी हिस्से में 24 घंटे प्रदान करता है- डाटा सम्प्रेषण गति का विस्तृत क्षेत्र आपकी सेवाओं की आवश्यकतानुसार विस्तार की सुविधा प्रदान करता है। सेवाओं का आमंत्रण उपग्रह और फाइबर पर भी दिया गया है। सम्प्रति, एस.टी. पी.आई. उत्तरी अमेरिका, यूरोप और एशिया प्रशांत क्षेत्र को कवर करने के लिए इन्टेलसैट, न्यू स्काईज सैटेलाइट, ए.पी.एस.टी.आर इत्यादि की सेवाओं का उपयोग कर रही है। सैटेलाइट यूरोप में डाउनलिंक किया जाता है और वहाँ से यह फाइबर लिंक द्वारा उत्तरी अमेरीका और यूरोप के सभी क्षेत्रों में पहुँचाता है।

सॉफ्ट लिंक

आज इंटरनेट सभी देशों के लिए संचार का प्रमुख माध्यम बन गया है। वेब से जुड़ने के इच्छुक लोगों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। सॉफ्टवेयर निर्यातको के लिए उच्च गुणवत्ता युक्त इन्टरनेट सम्पर्क आवश्यक हो चुका है।

सॉफ्टलिंक साझा और प्रीमियम आधारित इन्टरनेट प्रदान करने वाली सेवा है। इस सेवा की शुरुआत उद्योग में बेहतर गुणवत्ता और प्रतिबद्धता की बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए की गयी थी। आज सॉफ्टलिंक सेवाओं के पास बड़ी संख्या में ग्राहक मौजूद हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय फाइबर क्षमता

एस.टी.पी.आई. सैटेलाइट सेवाओं के प्रयोग द्वारा अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता सेवा प्रदान कर पहले ही अपनी एक बेमिसाल पहचान बना चुकी है। एस.टी.पी.आई. ने देश भर में 39 सैटेलाइट

उच्च गति डाटा कम्यूनिकेशन सेवायें

केन्द्र बनाये हैं और इस समय करीब 250 एम.बी.पी.एस बैण्डविड्थ को संभाल रहा है। ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, अभियान अनुप्रयोग के लिए, यह आवश्यक है कि अधिक विश्वसनीय और कम संप्रेषण रूकावट की बैण्डविड्थ प्रदान की जाये। सैटेलाइट ट्रांसमिशन की अपेक्षा फाइबर ऑप्टिक्स में संप्रेषण रूकावट काफी कम होती है। अतः उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने और नये व्यवसाय अर्जित करने के लिए एस.टी.पी.आई के लिए यह आवश्यक है कि वह फाइबर आधारित सेवायें उपलब्ध करायें।

फाइबर उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने के लिए एस.टी.पी. आई. ने डी.एस 3 (45 एम.पी.बी.एस) क्षमता की धरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय बैण्डविड्थ हासिल की है। इसके साथ एस.टी.पी.आई. फाइबर पर इन्टरनेट प्राईवेट लीज्ड सर्किट (आई.पी.एल.सी) और आई.पी प्रदान करने में सक्षम है।

एस.टी.पी.आई. आकर्षक दरों पर भारतीय और अमेरिकी ग्राहकों के बीच पूर्णतया फाइबर पर पूर्ण सर्किट आधारित आई.पी.एल.सी. की पेशकश करता है। जैसा कि यह ग्राहकों को एक ही स्थान पर निदान उपलब्ध कराता है, यह एक बिन्दु सम्बन्ध और आसान सम्बन्ध की सुविधा प्रदान करता है जब पारम्परिक बाइलेटरल सेवाओं से इसकी तुलना की जाती है तब इसकी सेवायें लागू करनी तेज है। बैण्डविड्थ nx64.के.बी.पी.एस. या nxई1 के गुणक में प्रदान की जाती है।

विश्वसनीयता के रूप में ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए, एस.टी.पी.आई. ने इंटरनेट बैकबोन के लिए अमेरिका की टायर-1 सर्विस प्रोवाइडर से गठबंधन किया है। वह ग्राहक जो एस. टी.पी.आई. की इंटरनेट सेवा का उपयोग कर रहे हैं, एस.टी.पी. आई. के इंटरनेट गेटवे द्वारा अमेरिका में टायर-1 सर्विस प्रोवाइडर के बैकबोन से जोड़ दिये जायेंगे। बैण्डविड्थ nx64 के.बी.पी.एस या nxई1 के गुणक में प्रदान किए गए हैं।

एक्सेस नेटवर्क/लास्ट माइल कनेक्टिविटी (लोकल लूप)

नब्बे के दशक के प्रारम्भ में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के उद्भव के साथ बैण्डविड्थ की मांग में उछाल आया। अन्तर्राष्ट्रीय बैण्डविड्थ उपलब्ध था, परन्तु लास्ट माईकल कनेक्टिविटी की कमी थी। इस कमी को पूरा करने के लिए, एस.टी.पी.आई. ने प्वाईन्ट-टू-प्वाईन्ट और प्वाईन्ट टू-मल्टीप्वाईन्ट माइक्रोवेव नेटवर्क का प्रयोग करते हुए अपना स्वयं का माइक्रोवेव नेटवर्क स्थापित किया है जो ग्राहकों की प्राथमिक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। प्वाईन्ट-टू-प्वाईन्ट रेडियों नेटवर्क्स के समावेश से नेटवर्क और भी मजबूत हुआ है और 2 एम.बी.पी.एस., nxई1 लिंक प्रदान करने में समर्थ थी।

आई.एस.डी.एन. लाईन के प्रयोग से लीज्ड इन्टरनेट एक्सेस

एस.टी.पी.आई., आई.एस.डी.एन. के द्वारा भी ग्राहकों को इन्टरनेट सेवायें प्रदान करती है। यह सेवा अभी आई.एस.डी.एन.बी.आर. आई. के लिए उपलब्ध है और लीज्ड कनेक्शन 64 के.बी.पी.एस. या 128 के.बी.पी.एस. के लिए है। आई.एस.डी.एन. सेवाओं का प्रयोग कभी-कभी लीज्ड लाइन कनेक्टिविटी के बैकअप के रूप में भी होता है।

अन्य मूल्य संवर्धित सेवायें

आई.पी.एल.सी. और इंटरनेट सेवाओं के अतिरिक्त एस.टी.पी.आई. द्वारा एस.टी.पी. इकाइयों को प्रदान कुछ मूल्य संवर्धित सेवायें हैं - वेब होस्टिंग सेवायें, नेटवर्क कन्सल्टेन्सी, कोलोकेशन ऑफ सर्वर इत्यादि।

सहयोग सुविधायें

एस.टी.पी.आई. ने युवा उद्यमियों और एस.एम.ई. के हितों की रक्षा और उनके विकास के लिए प्रतिरक्षण सेवायें उपलब्ध करायी हैं। यह सुविधायें उन्हें प्लग एण्ड प्ले युक्त फौरन इस्तेमाल योग्य निर्मित स्थान उपलब्ध कराती हैं। एस.टी.पी.आई. ने देश भर में फैले अपने

उच्च गति डाटा कम्यूनिकेशन सेवायें

केन्द्रों के माध्यम से लगभग 3 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में प्रतिरक्षण सेवायें उपलब्ध करायी हैं। प्रतिरक्षण सुविधाओं में कार्यस्थल, उच्च गति डाटाकॉम सुविधायें, बैकअप पावर इत्यादि शामिल हैं। एस.टी.पी.आई बिजनेस प्रोमोशन क्रिया के अन्तर्गत् सॉफ्टवेयर निर्यातकों को कन्सल्टेन्सी सेवायें भी प्रदान कर रहा हे। एस.टी.पी.आई ने अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शिनियों और गोष्ठियों में साफ्टवेयर निर्यातकों के एक शिष्टमंडल का नेतृत्व किया है जिसने इन निर्यातकों को एक वैश्विक दृष्टि दी है।

आपदा क्षतिपूर्ति सेवायें

सेवा गुणवत्ता और एक ही स्थान पर समस्त सुविधाओं की बदौलत एस.टी.पी.आई. अपने ग्राहकों को **आपदा क्षतिपूर्ति सेवायें** प्रदान करता है। बेशकीमती डाटा किसी भी व्यवसाय की धुरी होता हैं। हर दिन कम्पनी नये डाटा, ई-मेल, विडियो फाइल्स इत्यादि अपने डाटा में शामिल करती है। किसी भी आपदा के प्रति सुरक्षार्थ उपायों के लिए डेटा बैकअप की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, अधिकाधिक व्यवसायी और सूचना प्रौधोगिकी प्रबंधक जटिल आंकड़ो के प्रबंध के लिए बेहतर तरीकों का पता लगा रहे हैं । कम्पनियों के लिए सबसे आवश्यक होता है इस डाटा को किसी भी खतरे से बचाकर रखना क्योंकि ये व्यवसाय के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।

बिजनेस डाटा सेन्टर का प्रचालन और प्रबन्धन अत्यंत खर्चीला है और यह उपकरणों की खरीद मूल्य से भी अधिक हो जाता है। प्रतिवर्ष यह खर्च बढ़ता ही जा रहा है ऐसी कम्पनियाँ भी जिनके पास इस कार्य हेतु पर्याप्त स्थान, बुनियादी सुविधाएं, धन और कर्मचारी नहीं है वे भी स्वयं की भंडारण सुविधाओं का निर्माण और रख-रखाव कर रही हैं। अमेरिका में 11 सितम्बर के हमलों और अन्य आपदाओं को ध्यान में रखते हुए कम्पनियाँ डाटा की सुरक्षा के प्रति बेहद सतर्क हैं और अपने डाटा बैकअप को दूसरे देशों में सुरक्षित रखने पर विचार कर रहीं हैं ताकि किसी अनहोनी का उनके व्यवसाय पर असर नहीं पड़े।

हमारे देश में डाटा से सम्बन्धित खतरे इसलिए ज्यादा हैं क्योंकि यहाँ अधिकतर चीजें व्यवस्थित नहीं है जैसे बिजली कटौती, डेटा भंडारण के प्रबंध के लिए आवश्यक तकनीकी जानकारी की कमी और डेटा संरक्षण और पुनः प्राप्ति के लिए आवश्यक भारी पूंजी निवेश हेतु धन की कमी। ज्यादातर सॉफ्टवेयर इकाइयाँ और एस.एम.ई अपने शुरूआती दौर में हैं इसलिए बिज़नेस कम्यूनिकेशन प्लान और रख-रखाव पर ज़्यादा धन व्यय करने की स्थिति में नहीं हैं। बाहर काम देने से सूचना प्रौद्योगिकी के खर्च काफी कम हो गये हैं जैसे कि सूचना प्रौद्योगिक विशेषज्ञों को नौकरी पर रखने और उन्हें संस्थान में बनाए रखने के व्यव समाप्त हो गए हैं। क्रमोन्नयन की लागतें कम हो गई है जिसको कम्पनी द्वारा प्रबंधन की चिंता के बजाए कम्पनी अपने ज़रूरी कामों पर ज़्यादा ध्यान दे सकती है और डाटा प्रबन्धन दूसरी कम्पनी को देकर दूसरे खर्चों पर अंकुश लगा सकती है।

भड़ारण सेवाओं से अनियोजित कार्य रूकावटों, सुरक्षा खामियों और अप्रत्याशित व्ययों से संरचना में सहायता मिलेगी। ज्यादातर सॉफ्टवेयर निर्यात कम्पनियाँ ग्राहकों को संचार प्रौद्योगिकी के जरिए सेवायें प्रदान करती हैं। सूचना प्रौद्योगिक पर कोई भी असर उनके लिए घाटे का सौदा हो सकता है इसलिए एस.टी.पी.आई इन कम्पनियों को आपदा प्रतिरक्षण सेवा कम कीमत पर ही उपलब्ध कराती है।

निश्चित बैकअप समय में, वर्तमान डाटा कम्यूनिकेशन ग्राहक अपनी बैकअप सेवा के लिए एस.टी.पी.आई की डी.आर साईट से लोकल लूप द्वारा अधिक दक्षता से जुड़ सकते हैं। इन्हीं लोकल लूप का इस्तेमाल किया जा सकता है या ग्राहक डाटा आकार के अनुसार अपने लोकल लूप बैण्डविड्थ का विस्तार कर सकते हैं।

चूंकि आज के परिदृश्य में यह समय की मांग है और बहुत सी सॉफ्टवेयर कम्पनियाँ आपदा क्षतिपूर्ति सेवाओं की इच्छुक हो सकती हैं इसलिए एस.टी.पी.आई. बंगलौर ने प्रायोगिक आधार पर यह परियोजना शुरू कर दी है और अपनी सेवाओं की पेशकश कर रही है।

एस.टी.पी.आई के नये केन्द्र

वर्ष 2002-03 के दौरान हाई स्पीड डाटा कम्यूनिकेशन सुविधा युक्त चार नये एस.टी.पी.आई केन्द्रों की स्थापना पांडिचेरी, नासिक, इलाहाबाद और कोल्हापुर में की गयी।

कन्सल्टेन्सी परियोजनायें



खजाने नेट

खजाने नेट एक अत्यंत महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसका उद्देश्य कर्नाटक सरकार के सभी खजानों को आपस में जोड़ना है। पहले ये खजाने वी.एस.ए.टी. (वेरी स्मॉल अपरचर टर्मिनल्स) के प्रयोग द्वारा जुड़े हुए थे। यह नेटवर्क 215 दूरस्थ स्टेशनों को बंगलौर के खनीजा भवन स्थित एक केन्द्रीय हब से जोड़ेगा। वी.एस.ए.टी. आधारित सेटेलाईट नेटवर्क की संरचना डाटा और ध्वनि सेवाएँ प्रदान करने के लिए की गयी हैं।

नेटवर्क में सुरक्षित डाटा के महत्व को देखते हुए, एक आपदा क्षतिपूर्ति केन्द्र की योजना धारवाड़ में बनायी गयी है। आपदा क्षतिपूर्ति केन्द्र मुख्य केन्द्र से पारम्परिक डी.वी.बी./टी.डी.एम.ए. लिंक से जुड़ा है, साथ ही यह एक अलग 128 के.बी.पी.एस के एस.सी.पी.सी. लिंक से भी जुड़ा है। मांग की अधिकता को ध्यान में रखते हुए नेटवर्क में एस.सी.पी.सी. की संरचना की गयी है।

धारवाड़ ट्रेजरी मिरर सर्वर के साथ है जो कि बंगलौर के नेटवर्क मैनेजमेन्ट सेन्टर में स्थित मुख्य सर्वर से डाटा अद्यतन करता है।

भावी संभावना में वी.एस.ए.टी केन्द्र के अवस्थापन और चुनिंदा स्थानों पर दूरस्थ इकाइयों की अवस्थापन और उन्हें चालू करना भी शामिल है। अनुभवी कार्मिक सप्ताह के सातों दिन और दिन के चौबीस घंटे कार्य करने वाले अत्याधुनिक नेटवर्क ऑपरेशन सेन्टर से समस्त नेटवर्क का नियंत्रण करते हैं।

यूरोपस्टार

यूरोपस्टार टेलेपोर्ट सुविधा एस.टी.पी.आई., नेटवर्क ऑपरेशन सेन्टर बंगलौर में स्थित है जो सी.एस.एम.ई सुविधा (कम्युनिकेशन सिस्टम एण्ड मॉनिटरिंग इक्विपमेन्ट) के माध्यम से आई.एस.एन क्षेत्र (भारत/नेपाल/श्रीलंका) को कवर करने वाले डाऊनलिंक सिग्नल्स की निगरानी करता है।

एस.टी.पी.आई. ने सभी अपेक्षित ढांचागत सुविधायें जैसे स्थान, निर्बाध विद्युत आपूर्ति और उपकरणों के लिए वातानुकूलक प्रदान की है।

यह आई.पी.एल.सी. सर्किट के माध्यम से तालोहाऊस, फ्रांस की सी. एस.एम.ई. सुविधा से जुड़ा है। सी.एस.एम.ई. व्यवस्था मल्टी हाई पावर बीम (कू-बैण्ड) जो आई.एस.एन. क्षेत्र पर केन्द्रित है, की निगरानी करने में सक्षम है और कू-बैण्ड यूरोपस्टार ट्रान्सपोन्डर्स के वाहकों की स्थिति पर रिपोर्ट तैयार करती है।

एस.टी.पी.आई. कर्मचारियों को सी.एस.एम.ई. उपकरणों का प्रशिक्षिण दिया गया है और वे सप्ताह के सातों दिन चौबीस घंटे प्रथम स्तर सहयोग प्रदान करते हैं तथा नियमित रख-रखाव जैसे कैलिबरेशन, परफॉर्मेन्स टेस्टिंग आदि कार्य भी करते हैं।

पैनामसैट

सी.एस.एम.ई. सुविधा (कम्युनिकेशन सिस्टम एण्ड मॉनिटरिंग इक्विपमेन्ट) में माध्यम से आई.ओ.आर. (हिन्द महासागर क्षेत्र) को कवर करने वाले डाउनलिंक सिग्नलस की निगरानी के लिए पैनामसैट टेलेपोर्ट सुविधा एस.टी.पी.आई. नेटवर्क ऑपरेशन सेन्टर बंगलोर में स्थित है। एस.टी.पी.आई. ने उपकरणों के उप-स्थान के लिए सभी आवश्यक ढांचागत सुविधायें जैसे स्थान, निर्बाध विद्युत और वातानुकूलक आदि उपलब्ध कराये हैं।

एस.टी.पी.आई. बंगलौर केन्द्र पैनामसैट पी.ए.एस-7 सैटेलाइट के लिए सी.एम.एस. सुविधा (कैरियर मॉनिटरिंग सिस्टम) की मदद कर रहा है जो इसके साथ ही हाल ही में प्रक्षेपित पी.ए.एस-10 सैटेलाइट, जिसके द्वारा हिन्द महासागर क्षेत्र कवर किया जा रहा है, की भी मदद कर रहा है। एस.टी.पी.आई. बंगलौर स्थित सी.एम. एस. प्रणाली के साथ भारत मल्टीपल हाई-पावर बीम (कू-बैण्ड) की निगरानी करने में और कू-बैण्ड पी.ए.एस. ट्रान्सपोन्डर्स के लिए कैरियर्स की स्थिति पर रिपोर्ट बनाने में सक्षम हो जायेगा। यह सेटअप इटली में स्थित फ्यूसिनो अर्थ स्टेशन के माध्यम से अटलांटा के पैस नॉक सेन्टर से जुड़ा है और उपग्रह सम्पर्क में दुगुनी वृद्धि हो रही है।

एस.टी.पी.आई. कर्मचारियों को सी.एस.एम.ई. उपकरणों का प्रशिक्षण

दिया गया है और वे सप्ताह के सातों दिन चौबीस घंटे प्रथम स्तर सहयोग प्रदान करते हैं तथा नियमित रख-रखाव जैसे कैलिबरेशन, परफॉरमेन्स टेस्टिंग आदि कार्य भी करते हैं।

आई.पी.स्टार

भारत में अपने व्यवसाय में वृद्धि करने के लिए और डी.वी.बी प्लेटफॉर्म पर मूल्य किफायती सेवायें प्रदान करने के लिए मेसर्स शिन सैटेलाइट 2004 की प्रथम तिमाही में आई.पी.स्टार सैटेलाइट के प्रक्षेपण की योजना बना रहा है। कम्पनी भारत में आई.पी.स्टार के संचालन के प्रबन्धन के लिए एक गेटवे हब स्थापित करने जा रही है और इसके प्रबन्धन के लिए एस.टी.पी.आई से सम्पर्क किया है क्योंकि उनकी सैटेलाइट संरचना और स्थिति के अनुसार दिल्ली/नोएडा एक उचित स्थान है। कम्पनी स्वविकसित तकनीकी का इस्तेमाल कर रही है जो कम कीमत पर अधिक बैण्डविड्थ उपलब्ध कराने में सक्षम है।

सेन्ट्रल हब के संचालन और प्रबन्धन, व्यावसायिक तौर पर गेटवे को आवश्यक स्थान और विद्युत उपलब्ध कराने के लिए मेसर्स शिन सैटेलाइट के साथ एक समझौता हुआ है। एस.टी.पी.आई. को इस परियोजना से यह लाभ है कि वह अपने ग्राहकों को मूल्य प्रभावी सेवायें प्रदान कर सकती है। आई.पी.स्टार तकनीक में, दूरस्थ स्थानों में जहां ज़मीनी लाईनों की स्थिति अच्छी नहीं है, एस.टी.पी.आई. सेवाओं के वितरण के लिए आई.पी.स्टार टर्मिनल का लास्ट माइल कनेक्टिविटी के रूप में प्रयोग किया जा सकता है।

विपणन एवं व्यवसाय वृद्धि

बंगलौर आई.टी.कॉम 2002

एशिया के सबसे बड़े सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार इवेन्ट - बंगलौर आई.टी.कॉम 2002, जो कि कर्नाटक सरकार ने सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इण्डिया की सहभागिता में आयोजित किया था, का उद्घाटन भारत के राष्ट्रपति महामहिम डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम ने किया।

सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इण्डिया वर्ष 1998 से ही विभिन्न स्तरों पर बंगलौर आई.टी.कॉम में नियमित रूप से भाग ले रहा है। इस वर्ष, हम इस इवेन्ट के सह-प्रायोजक थे। भारत के राष्ट्रपति महामहिम डा.ए.पी.जे अब्दुल कलाम ने सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इण्डिया की सी.डी और विवरणिका का विमोचन किया।

इस इवेन्ट में 6 बड़ी गोष्ठियाँ भी आयोजित की गयीं जिसमें 950 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एस.टी.पी.आई ने साइबर एक्सपो के सहयोग से इन सभी गोष्ठियों का समन्वय किया। इस वर्ष के इवेन्ट की एक और विशेषता रही टाई बैठक (टी.आई.ई.कॉन)

बंगलौर आई.टी.कॉम 2000

एस.टी.पी.आई. ने अपनी चार सदस्य इकाइयों के लिए 'एस.टी.पी. आई.' के नाम से 665 वर्ग मीटर (तैयार क्षेत्रफल) का एक सम्पूर्ण पैवेलियन लिया था। ऐसा करने के पीछे हमारा यह उद्देश्य था कि हमारी इकाइयों को प्रचुर संभावनायें उपलब्ध करायी जायें, विशेषतौर पर एस.एम.ई., ताकि वो आगे बढ़ सकें और आगंतुक व्यवसाय प्रतिनिधियों तथा आम आदमी के बीच अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित कर सकें। हमारे पास विभिन्न आकार के 42 स्टॉल और 36 स्टॉल होल्डर थे।

बंगलौर आई.टी.कॉम के लिए इन्टरनेट : कॉर्पोरेट एक्सेस के सहयोग से बैसेस ग्राउण्ड पर भाग लेने वालों के इस्तेमाल के लिए 8 एम.बी.पी.एस. इंटरनेट की सुविधा का अवस्थापन।

स्टूडेन्ट इंटरनेट वर्ल्ड के लिए इंटरनेट : एस.टी.पी.आई ने स्टूडेन्ट इंटरनेट वर्ल्ड को इन्टरनेट की आपूर्ति के लिए कान्तीरावा इन्डोर स्टेडियम में एक अलग गेटवे की अवस्थापना की जहाँ 30,000 से अधिक छात्रों और शिक्षकों ने इसका लाभ उठाया। लोराल साइबर स्टार के सहयोग से पहले दिन 8 एम.बी.पी.एस और शेष अन्य दिनों में 4 एम.बी.पी.एस बैण्डविड्थ उपलब्ध कराया गया।

राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस, लखनऊ

अपने वर्तमान ढांचे की क्षमताओं और सेवाओं तथा लखनऊ में अपने नव स्थापित एस.टी.पी. केन्द्र को बढ़ावा देने के लिए एस.टी.पी.आई. ने लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस में भाग लिया। यह एक सालाना कार्यक्रम है जिसका उद्घाटन भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने किया। एस.टी.पी.आई. के एक स्टॉल पर एस.टी.पी. बिजनेस डेवलेपमेन्ट टीम ने प्रतिभागियों और आम लोगों की जिज्ञासाओं का उत्तर दिया।

कन्वर्जेन्स इण्डिया, नई दिल्ली

कन्वर्जेन्स इण्डिया के तीन दिन के कार्यक्रम में प्रतिभागी प्रदर्शकों को इन्टरनेट उपलब्ध करा कर अपनी सेवाओं का प्रदर्शन किया। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए प्रगति मैदान में प्रदर्शनी स्थल पर 2 एम. बी. गेटवे अवस्थापित किया गया। वहाँ एक एस.टी.पी.आई. स्टॉल भी था जिसके माध्यम से प्रतिभागियों, आगंतुकों और संभावित ग्राहकों की जिज्ञासाओं का उत्तर दिया। प्रदर्शनी के दौरान, सूचनात्मक प्रस्तुतियाँ, पोस्टर, श्रव्य-दृश्य और विवरणिकाएँ एस.टी.पी. आई. के बारे में सूचना की स्रोत थीं। एस.टी.पी.आई. पैवेलियन को अद्वितीय डिज़ाइन का सर्वाधिक नव प्रवर्तन पुरस्कार दिया गया।

सुपरकॉम एशिया, नई दिल्ली

एस.टी.पी.आई. ने अपनी सेवाओं के प्रदर्शन के लिए दूरसंचार और डाटाकॉम कम्पनियों की तीन दिवसीय प्रदर्शनी 'सुपरकॉम एशिया' में भाग लिया। इसके लिए एक स्टॉल बनाया गया, जहाँ पोस्टरों, प्रस्तुतियों, विवरणिकाओं और आकर्षक श्रव्य-दृश्य के माध्यम से प्रतिभागियों, आगंतुकों और संभावित ग्राहकों की जिज्ञासा का उत्तर दिया गया।

टाई अप कॉलिंग 2002, कानपुर

इण्ड यूएस एन्टरप्रन्र्स एसोसिएशन के अनेक सदस्य भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के भूतपूर्व छात्र हैं, जो एक वार्षिक बैठक के लिए आई.आई.टी कानपुर, उत्तर प्रदेश में एकत्रित हुए। टाई द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एस.टी.पी.आई. ने कार्यक्रम प्रायोजक के रूप में भाग लिया और एक स्टॉल भी बनाया ताकि भूतपूर्व छात्रों के साथ परिचय किया जा सके और उन्हें एस.टी.पी.आई. तथा इसकी सेवाओं के बारे में बताया जा सके।

एस.टी.पी.आई. की अन्तर्राष्ट्रीय परियोजना

इबेनी साइबर सिटी की वर्तमान स्थिति

भारत सरकार और मॉरीशस सरकार ने 4 मई 2001 को साईबर सिटी परियोजना पर कार्य करने के लिए 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर के एक ऋण सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें इबेने, मॉरीशस में इस परियोजना के लिए संचार नेटवर्क उपलब्ध कराना भी शामिल है। भारत सरकार के प्रतिनिधि के रूप में एस.टी.पी. आई. एक नोडल एजेन्सी के तौर पर और मॉरीशस सरकार की ओर से बिजनेस पार्क्स ऑफ मॉरीशस (बी.पी.एम.एल) इस परियोजना को लागू करेंगे।

मॉरीशस को एक साईबर लैण्ड में बदलने की दिशा में इबेने साइबर सिटी परियोजना मॉरीशस सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह ऐसी कम्पनियों के लिए एक ही स्थान पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की सेवा है जो सूचना प्रौद्योगिकी आधारित सेवाओं, कॉल सेन्टर, बैक ऑफिस ऑपरेशन, बिजनेश प्रॉसेस आऊट सोर्सिंग, सॉफ्टवेयर डेवलपमेन्ट, इन्टेलिजेन्ट मैन्युफैक्चरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी की आधारित शिक्षा जैसे व्यवसायों से जुड़ी हैं।

साइबर सिटी का मास्टर प्लान

- इबेने साइबर सिटी का मूल मंत्र है सामुहिक स्तर पर ज्ञान एवं तकनीकी का आदान-प्रदान, इसके सात परिक्षेत्र होंगे जहां सूचना प्रौद्योगिकी का ही बोलबाला होगा इस प्रकार से:
- मध्यम और छोटी आई.सी.टी. कम्पनियों के लिए साइबर सिटी और मल्टी मीडिया ज़ोन में अत्याधुनिक साइबर टावर होंगे, साथ ही उनके व्यवसाय को स्थापित करने के लिए स्टार्ट अप/इन्क्युबेटर भी होंगे-
- वृहद लीज्ड और पूर्णतया सेवा क्षेत्र में व्यवसाय स्थापित करने के लिए कम्पनियों को जानकारी केन्द्र से सुविधायें प्राप्त होंगी।
- हाइपर मार्केट और अन्य वाणिज्यिक आवश्यकताओं की पूर्ति वाणिज्यिक केन्द्र क्षेत्र में की जायेगी।
- प्रशासकीय खण्ड विभिन्न सरकारी विभागों और कार्यालयों को अन्यत्र स्थापित करने के लिए स्थान उपलब्ध कराकर पोर्ट लुइस में यातायात, पर्यावरण और शहरी भीड़-भाड़ की समस्या का समाधान करेगा। कार्य उत्पादकता में वृद्धि निश्चित रूप से एक लाभ है।
- साइबर सिटी के वातावरण के साथ साइबर विलेज कॉम्प्लेक्स रहने के लिए एक आधुनिक स्थान उपलब्ध कराता है।
- व्यवसाय आगंतुकों को उबड़-खाबड़ धरातल और नदी क्षिप्रिकायों के बजाए नज़दीकी आधुनिक होटलों में ठहरने का अवसर मिलेगा।

डाटा कम्युनिकेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर

- साइबर सिटी में आधुनिक और उच्चगुणवत्ता की ग्राहक सेवा उपलब्ध कराना।
- ग्राहकों को सैटेलाइट माध्यम और ऑप्टिक फाइबर माध्यम (सबमेरीन केबल) द्वारा कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने का निदान।
- साइबर सिटी के अन्दर वॉयस कम्युनिकेशन सुविधायें स्थापित करने के लिए उचित टेलिफोन एक्सचेन्ज की योजना बनाना और टेलिफोन एक्सचेन्ज तथा डाटाकॉम इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए एक समेकित योजना बनाना।

साइबर टाऊन के मुख्य भवन और स्वागत कक्ष का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। अन्य ढांचागत कार्य जैसे सड़कें, नालियाँ, वॉयस एवं डाटा कम्युनिकेशन सुविधायें अभी निर्माणाधीन हैं। साइबर टावर का निर्माण कार्य 30 अप्रैल 2004 तक पूरा हो जायेगा।

लेखा विवरण

वित्तीय वर्ष 2002-03 के लिए अंकेक्षित लेखा विवरण परिशिष्ट-1 में अंकित है।

धन्यवाद ज्ञापन

परिषद् भारत सरकार के विभिन्न विभागों और मंत्रालयों, रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया, राज्य सरकारों, विदेशों में भारतीय दूतावासों, अन्तर्राष्ट्रीय बाहकों, हमारे बैंकर, एस.टी.पी.आई. इकाइयों के सदस्यों, सॉफ्टवेयर इण्डस्ट्री एसोसिएशनों और वैधानिक लेखाकारों को उनके सहयोग के लिए कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद देती है। परिषद अपनी सफलता के लिए एस.टी.पी.आई के कर्मचारियों को भी उनके अथक प्रयासों के लिए धन्यवाद देती है।

(अरुण शौरी)
चेयरमैन,
शासकीय परिषद्
सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इण्डिया
और
संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री


S
T
P
I
S
T
P
I
S
T
P

वार्षिक लेखा
2002-03 के लिए

लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

608-609, रतन ज्योति बिल्डिंग, 18,
राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110 008
फोन: 51538765 (3 लाईनें); फैक्स: 011-25755833;
ई-मेल: dassgupta@rediffmail.com

दासगुप्ता एण्ड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेन्ट्स

सेवा में
शासकीय परिषद
सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी ऑफ इण्डिया
नई दिल्ली

हमने सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी ऑफ इण्डिया की 31 मार्च 2003 तक की संलग्न बैलेन्स शीट और उक्त दिनांक को समाप्त वर्ष के लिए संयुक्त आय और व्यय खाते की लेखा परीक्षा की, जिसमें शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा परीक्षित केन्द्रों के खातों को भी सम्मिलित किया गया है। यह वित्तीय लेखा-जोखा पर अपने लेखा परीक्षण के आधार पर अपना विचार प्रकट करना है।

हमने भारत में सामान्यतः स्वीकार्य लेखा परीक्षण मानकों के अनुसार लेखा परीक्षण का कार्य निष्पादित किया है। इन मानकों में यह आवश्यक है कि हम लेखा परीक्षण को इस प्रकार नियाजित और क्रियान्वित करें कि इस बात का आश्वासन प्राप्त हो कि वित्तीय आंकड़े भौतिक मिथ्या-कथन से मुक्त हों। लेखा परीक्षण में वित्तीय लेखा-जोखा के परीक्षण और प्रकटीकरण सम्मिलित होते है। एक लेखा परीक्षण में प्रयुक्त लेखा सिद्धांतों के आकलन और प्रबन्धन द्वारा तैयार उल्लेखनीय आकलन सम्मिलित होते है; साथ ही इसमें समग्र वित्तीय लेखा-जोखा प्रदर्शन मूल्यांकन को एक मज़बूत आधार प्रदान करता है।

हमारी रिपोर्ट इस प्रकार है :

1) ए) अमेरिकी केन्द्र से सम्बन्धित सत्यापित प्रपत्रों की अनुपलब्धता के कारण लेखा पर इनके वित्तीय प्रभाव, यदि कोई हो, निश्चित नहीं हो सके।

बी) सोसायटी ने वर्ष 2001-2002 के दौरान वृद्धि आधार पर सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से रु 1.75 करोड़ का आवर्ती अनुदान स्वीकृत किया है, जो इसके अनुदान अभी तक प्राप्त नहीं हुए है और ऐसे पूंजीकोष और ऋण तथा अग्रिम के विषय में बढ़ाकर बताया गया है।

2) नोएडा केन्द्र के ऋण एवं अग्रिम में विदेश संचार निगम लिमिटेड से उगाही योग्य रु 4.56 करोड़ भी शामिल हैं जो 14.10.1998 को तैयार संधिपत्र में 10.20 करोड़ में सैटकॉम इण्डिया के प्रचालन के हस्तानन्तरण से सम्बधित हैं। इस राशि को विदेश संचार निगम लिमिटेड द्वारा इस आधार पर विवादित बनाया गया कि यह हस्तांतरित परिसम्पतियों के मूल्यह्रास और एम यू एक्स उपकरणों की अनापूर्ति के दृष्टिगत देय नहीं है। हमारे विचार से, इस राशि की प्राप्ति संदेहास्पद है। अतएव ऋण एवं अग्रिम को बढ़ाकर बताया गया है और घाटे को कम बताया गया है।

3) अचल सम्पत्तियों में उपकरण भी शामिल हैं जो पुराने हो चुके हैं और 31.03.2003 को प्रयोग में नहीं थे। ऐसे उपकरणों की वास्तविक कीमत और लिखित मूल्य 31.03.2002 को रु 9.74 करोड़ और 31.03.2002 को रु 30.41 लाख था। चूंकि पुराने घोषित किए गए उपकरणों की कीमत और लिखित मूल्य तथा 2002-03 के दौरान ऐसे उपकरणों पर प्राप्त मूल्यह्रास का सम्पूर्ण विवरण हमारे सत्यापन के लिए उपलब्ध नहीं है इसलिए इनके आनुषंगिक प्रभाव निश्चित नहीं किए जा सके।

4) आयकर विभाग ने एस.टी.पी.आई. से विदेशी कैरिअर्स को भुगतान में स्रोत पर कर की कटौती नहीं करने पर रु 1.77 करोड़ की मांग की है। ऐसे भुगतानों पर कर कटौती नहीं करने के सम्बन्ध में ली गयी कानूनी सलाह के अनुसार शाखा को आयकर जिम्मेदारी नहीं दी गयी है। केन्द्र ने आई.टी.ए.टी. के समक्ष लम्बित अपील के अंतर्गत मांग के विरुद्ध कुल रु 90 लाख का भुगतान किया है।

लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

5) तमिलनाडु सरकार ने जमीनी स्टेशन की स्थापना के लिए 30.04.1999 को शासनादेश संख्या 219 द्वारा तारामनी, चेन्नई में लीज़ आधार पर 1.50 एकड़ भूमि का आवंटन किया।

(ए) हमने वह सारी सूचानाएँ तथा व्याख्यायें प्राप्त कर ली हैं जो हमारी जानकारी तथा हमारे विश्वास के अनुसार लेखा परीक्षण के लिए आवश्यक है।

(बी) हमारे विचार से सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इण्डिया द्वारा लेखा खातों को वैसे ही उचित प्रकार से रखा गया जैसा कि कानून सम्मत है; यह बात हमारे लेखा खातों के परीक्षण के दौरान सामने आयी।

(सी) इस रिपोर्ट में ली गयी बैलंस शीट और व्यय खाता लेखा खातों की सहमति के साथ है।

(डी) हमारे विचार और प्राप्त सूचनाओं तथा हमें दी गयी व्याख्याओं के अनुसार उपरोक्त लेखा लेखा नीतियों "अनुसूची 15" और लेखा टिप्पणी "अनुसूची 16" को साथ पढ़ने पर एक ठीक और निरपेक्ष तस्वीर देती है।

(i) जैसा कि यह 31 मार्च 2003 को सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इण्डिया के बैलेन्स शीट की स्थिति से सम्बद्ध है

(ii) जैसा कि यह इस तिथि को समाप्त वर्ष के आय और व्यय लेखा की हानि से सम्बन्धित है।

कृते दास गुप्ता एण्ड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउण्टेट्स

नरेश गोयल
(पार्टनर)

दिनांक: 06-10-2003
स्थान: नई दिल्ली

लेखा परीक्षक

भारत के महालेखाकार और लेखा नियंत्रक की संस्तुतियों के आधार पर शासकीय परिषद ने एस.टी.पी.आई के लिए कानूनी और शाखा लेखा परीक्षकों की नियुक्ति की है। इनकी सूची निम्नवत है।

कम्पनी का नाम	लेखा परीक्षक	क्षमता
कॉन्सोलिडेशन ऑफ एकाउण्ट्स एण्ड ऑडिट ऑफ नई दिल्ली (मुख्यालय), नोएडा, मोहाली, जयपुर, इन्दौर, और व्यवसाय सहायता केन्द्र	मैसर्स दास गुप्ता एण्ड एसोशिएट्स 608, रतन ज्योति बिल्डिंग 18, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली - 110008	सांविधक
बंगलोर, हैदराबाद और चेन्नई	मैसर्स शान्तामूर्ति एण्ड कम्पनी 10, प्रथम तल, एस.एस.टी. मड्ड ट्रस्ट बिल्डिंग, टैंक बन्द रोड ईस्ट पोस्ट बाक्स न० 9754 बंगलोर - 560009	शाखा
भुवनेश्वर	मैसर्स त्रिपाठी एण्ड नायक 278, शहीद नगर, भुवनेश्वर - 751007	शाखा
पुणे, नवी मुम्बई और गांधी नगर	मैसस पात्की एण्ड सोमन 639, सदाशिव पेठ, पुणे - 411030	शाखा
तिरूवनंतपुरम	मैसर्स रवि एण्ड सबीन न० 29, सुभाष नगर पेरुन्नथानी, तिरूवनंतपुरम - 6955008	शाखा

सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया
31 मार्च, 2003 को आय-व्यय विवरण

(धनराशि रुपयों में)

	अनुसूची	वर्तमान वर्ष	विगत् वर्ष
मूलपूंजी और उत्तरदायित्व			
मूलपूंजी	1	990,212,490.00	859,016,430.00
सुरक्षित एवं अतिरिक्त	2	406,611,417.60	456,808,020.20
निर्दिष्ट एवं स्थायी पूंजी	3	123,516,495.00	83,922,871.00
असुरक्षित ऋण एवं उधार	4	132,242,000.00	125,242,000.00
वर्तमान उत्तरदायित्व और प्रावधान	5	681,239,316.75	609,033,888.94
योग		**2,333,821,719.35**	2,134,023,210.14
परिसम्पत्तियाँ			
स्थायी- परिसम्पत्तियाँ			
कुल ब्लॉक	6	1,901,291,947.88	1,781,308,746.73
घटा: आज तक अवमूल्यन		1,190,955,941.85	943,314,853.91
शुद्ध ब्लॉक		710,336,006.03	837,993,892.82
वर्तमान परिसम्पतियाँ, ऋण एवं अग्रिम	7	1,619,290,088.18	1,295,640,367.32
मिश्रत व्यय (जो हटाये या समायोजित नही किए गए हों)		4,195,625.14	388,950.00
योग		**2,333,821,719.35**	**2,134,023,210.14**

महत्वपूर्ण लेखा नीतियाँ 15
